तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

13 मानस मंदिर में 40 लाख से आकार ले रहा भव्य श्रीराम...



14 बुजुर्गों को भोजन परोस कर जताया अपनत्व



नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

भाजपा सरकार सभी वर्गों के विकास व उत्थान के लिए योजनाएं कर रही संचालित : मांझी

पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन ने ग्राम खोखमा और कालीमाटी में किया राशन दुकानों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने गुरुवार को विकासखंड के ग्राम पंचायत खोखमा और कालीमाटी में लाखों रुपये की लागत से नवनिर्मित दो शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद सदस्य किशोर मांझी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। इस दौरान श्री मांझी ने विधिवत पूजा अर्चना कर और फीता काटकर





लोकार्पण किया। इन दुकानों के शुरू होने से अब स्थानीय ग्रामीणों को राशन के लिए दूर-दराज नहीं भटकना पड़ेगा और उन्हें उनके ही क्षेत्र में सुगमता से खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा। लोकार्पण समारोह के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोवर्धन मांझी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से गांव, गरीब और किसानों को समर्पित सरकार है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश के हर वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है। श्री मांझी ने आगे कहा कि इन नई राशन दुकानों के प्रारंभ होने से ग्रामीणों का समय और ⏭शेष पेज 12 पर

सौगात : विधायक साहू ने की पूजा-अर्चना, सहसपुर को मिली विकास कार्यों की सौगात

कुरुद से तरीघाट तक 25.87 करोड़ की सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के विकास को नई गति देने की दिशा में ग्राम कुरुद से ग्राम तरीघाट तक 25 करोड़ 87 लाख 24 हजार रुपए की लागत से होने वाले सड़क चौड़ीकरण कार्य का ग्राम पंचायत सहसपुर में विधिवत भूमिपूजन किया गया। विधायक रोहित साहू ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक शुरू होने और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों, सरपंचों, जनपद सदस्यों, भाजपा कार्यकर्ताओं औरजनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

- महिला भवन, सर्वसमाज भवन, टीन शेड व रंगमंच निर्माण की घोषणा
- विधायक ने आवास और महतारी वंदन योजना को बताया सरकार की प्राथमिकता

विधायक ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, आवास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य गांवों तक विकास पहुंचाना और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सड़क, आवास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्य ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

सुगम होने की उम्मीद है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। सड़क के बेहतर होने से क्षेत्र के गांवों के बीच संपर्क मजबूत होगा और लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला।

ग्रामीणों की मांग पर कई घोषणाएं- कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव में सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग विधायक के समक्ष रखी। इस पर विधायक रोहित साहू ने महिला भवन, सर्वसमाज भवन, टीन शेड और रंगमंच निर्माण की घोषणा की। इन घोषणाओं से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

विकास कार्यों से गांवों को मिलेगी नई दिशा- सहसपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क चौड़ीकरण के भूमिपूजन के साथ अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया ⏭शेष पेज 12 पर

सांकरा में नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण करेंगे विधायक रोहित आज

10 लाख की लागत से कराया गया है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

गरियाबंद जिले के ग्राम सांकरा में नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण समारोह 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस टिन शेड के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।

- मुख्य अतिथि विधायक रोहित, अध्यक्षता जिपं वन सभापति शिवांगी करेंगी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सांकरा में आयोजित होने वाले इस लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत वन सभापति गरियाबंद करेंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, युवराज साहू सदस्य जनपद पंचायत छुरा, सुमित पारख अध्यक्ष भाजपा मंडल गरियाबंद, प्रहलाद ठाकुर महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद, किशन कंडरा महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद, श्रीमती छत्तेश्वरी हेमंत ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा श्रीमती रामहींन ध्रुव उप सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, खेमू राम ग्वालवंसी बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण संपन्न होगा।

मुंबई के कलाकारों की जगराता आज

अभनपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर 16 अक्टूबर को अभनपुर के ब्लॉक कॉलोनी मैदान में मां के भव्य जगराता का आयोजन किया जाएगा। आयोजक संजय साधवानी एवं नगरवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु माता रानी के भजनों का आनंद लेंगे। जगराता रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान पंडित राजेश मिश्रा ऋषिराज एंड ग्रुप मुंबई द्वारा भक्ति गीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

खबर संक्षेप

पिछड़ा वर्ग महासभा ने जीवन को बनाया विधानसभा प्रभारी

गरियाबंद। पिछड़ा वर्ग महासभा इकाई छत्तीसगढ़ ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए युवा समाजसेवी एवं किसान नेता जीवन साहू को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। पिछले 15 से 20 वर्षों से क्षेत्र में किसान-मजदूरों के मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता और सामाजिक योगदान को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



उल्लेखनीय है कि जीवन साहू मैनपुर, देवभोग, पिपरछेड़ी सहित संपूर्ण बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से किसानों, मजदूरों और आम लोगों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर जीवन साहू ने कहा कि पिछड़ा वर्ग महासभा का उद्देश्य केवल पिछड़ा वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी समाजों के लोगों को साथ लेकर सामाजिक एकता और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रयास विद्यालयों में 9 वीं में प्रवेश कल से चतुर्थ ओपन काउंसलिंग

गरियाबंद। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ ओपन काउंसलिंग का आयोजन 16 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रदेशभर के इन विद्यालयों में 228 रिक्त सीटों पर यह प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के अनुसार, यह काउंसलिंग 16 अक्टूबर को सुबह 10. 30 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर ब्लॉक-5, तृतीय तल, हॉल नंबर-4 में होगी। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

30 बालिकाओं ने किया सरकारी कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महिला सशक्तिकरण केंद्र की टीम द्वारा बिटिया अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद की 30 बालिकाओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस पहल में बालिकाओं को शासकीय विभागों की कार्यप्रणाली, उनके अधिकारों, महिला एवं बालिका सुरक्षा तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं से परिचित कराया गया।



कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग वरुण नागेश के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने पुलिस विभाग, पुलिस थाना, श्रम विभाग, डाक विभाग एवं एकीकृत बाल संरक्षण योजना शाखा का अवलोकन किया। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने उन्हें विभागीय कार्यप्रणाली, सेवाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बालिकाओं को विभिन्न विभागों की भूमिका और आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं से जानकारी दी गई।

एसपी ने बताई पुलिस की कार्यप्रणाली- पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर एवं उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर ने बालिकाओं को कानून-व्यवस्था, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा महिला एवं बालिका सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। श्रम विभाग में श्रम पदाधिकारी जयंती बंसल ने श्रमिकों के अधिकारों एवं विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। वहीं, डाक विभाग में पीए धनेश्वर साहू एवं नागेश्वर कुमार ने डाकघर की विभिन्न सेवाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। एकीकृत बाल संरक्षण योजना शाखा में जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी ने बच्चों के अधिकारों, संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण से बालिकाओं को शासकीय विभागों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने तथा अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने और पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मास्टर ट्रेनर्स सीएल तारक ने अधिनियम के पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि वे आरटीआई के तहत प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार और समय-सीमा में निराकरण किस तरह से कर सकते



- आरटीआई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री तारक ने सूचना का अधिकार अधिनियम की प्रमुख धाराओं, नियमों, आवेदन प्रक्रिया तथा लोक सूचना अधिकारियों के दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। आरटीआई के तहत प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई करना और आवेदकों को नियमानुसार जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। कार्यशाला में प्रथम अपील एवं द्वितीय अपील की प्रक्रिया सहित अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी जानकारी दी गई।

बैठक में आरटीआई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण तथा जिले के जनसूचना अधिकारियों की पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। अधिनियम ⏭शेष पेज 12 पर

पुलिस से नागरिकों ने कार्रवाई व रोक लगाने की मांग

अस्पताल, स्कूल और मंदिरों के आसपास बेखौफ बज रहे कर्कश हॉर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर में तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। प्रतिबंधित और कानफोड़ू हॉर्न बजाते हुए बस, मिनी बस, हाईवा और मेटाडोर जैसे भारी वाहन शहर के मुख्य मार्गों से बेधड़क गुजर रहे हैं। जिन सड़कों के किनारे अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और मंदिर स्थित हैं, वहां भी वाहन चालक बेखौफ होकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। सड़कों पर दौड़ते वाहनों का यह शोर राहगीरों, दुकानदारों, पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों की मानसिक व शारीरिक शांति भंग कर रहा है।

- प्रेशर हॉर्न से बढ़ा ध्वनि प्रदूषण

नियमों की अनदेखी, कार्रवाई का इंतजार

मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित मानक से अधिक आवाज वाले प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी और जुर्माने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शहर के संवेदनशील इलाकों में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यातायात विभाग को केवल व्यवस्था संभालने तक सीमित रहने के बजाय प्रतिबंधित हॉर्न हटवाने और नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता है।



नागरिकों में नाराजगी, तत्काल चेकिंग अभियान की मांग- स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की सघन जांच कर प्रतिबंधित हॉर्न तुरंत जब्त किए जाएं और वाहन मालिकों पर सख्त कार्रवाई हो। इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर ने कहा कि कानफोड़ू प्रेशर हॉर्न बजाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। श्री सोनकर ने बताया कि राजिम-गरियाबंद मार्ग पर साईं मंदिर, राजिम भक्तिन माता चौक, कौर हॉस्पिटल, दत्तात्रेय मंदिर, गोवर्धन पारा मंदिर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गुरु घासीदास मंदिर और सरकारी अस्पताल स्थित हैं। वहीं महानदी पुल के आगे ग्राम कुर्रा तक आयुष्मान हॉस्पिटल, माहेर हॉस्पिटल, फूलचंद अग्रवाल कॉलेज, कन्या महाविद्यालय और तहसील कार्यालय जैसे कई अति-संवेदनशील क्षेत्र हैं। पुलिस प्रशासन को नागरिकों को राहत दिलाने के लिए इन मार्गों पर तुरंत चेकिंग अभियान चलाना चाहिए।

'प्रेरणा एक नई शुरुआत' पर हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा 'प्रेरणा एक नई शुरुआत' थीम के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी स्वयंसेवकों को एनएसएस की गतिविधियों से परिचित कराना तथा उनमें समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित गतिविधियों और सात दिवसीय विशेष शिविर की कार्ययोजना एवं उपयोगिता की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, स्वयंसेवकों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों, प्रमाण-पत्रों, 'माय भारत पोर्टल', छत्तीसगढ़ एनएसएस डैशबोर्ड तथा मीडिया अकाउंट ⏭शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

सेंदर में आज होगा छत्तीसगढ़ी लोककला की रंगारंग कार्यक्रम

छुईहा बेलर। शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर ग्राम सेंदर में सार्वजनिक दुर्गोत्सव के अंतर्गत श्रद्धालु माता रानी की शक्ति की आराधना और भक्ति में लीन हैं। इसी कड़ी में बाजार चौक सेंदर दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग से स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ लोक कला मंच लोक संध्या की रंगारंग प्रस्तुति शुक्रवार रात्रि 10 बजे से होगी। मंच के संचालक एवं मुख्य गायक घनश्याम साहू के नेतृत्व में कलाकार छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, लोकगीतों और पारंपरिक कला की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता रूपसिंग साहू शामिल होंगे। वहीं भाजपा नेता रामाधार साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश गामनी घृतलहरे, ग्राम समिति के सदस्य तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नवरात्र पर्व के दौरान आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या से ग्राम में धार्मिक उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ की लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं कला प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



पेज 11 के शेष...

भाजपा सरकार सभी...

पैसा दोनों बचेगा। सपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा लंबे समय से राशन दुकान भवन की मांग किया जा रहा था ग्रामीणो की मांग आज पूरी हुई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रेमशीला नेताम सरपंच, ओंकार पर्वते उपसरपंच, नाभोराम नागेश पुजारी, कुमारसिंह नागेश, मुरलीधर निधि, हरदु नायक, प्रताप सिंह शांडील, रूपचंद नेताम, सुशीला नागेश, कार्तिक नागेश, सेलपा सोनी, गिरीशचंद गुप्ता, बुधराम नागेश, गयाराम मांझी, देवनारायण मांझी, संतोष माझी सरपंच, बलिराम नेताम उप सरपंच, किशोर माझी, पवित्रो सोरी, भजमन माझी, अष्टम पुजारी, परसु राम नेताम, धनसिंह ओटी, विद्याधर नागेश, प्रदीप पटेल, कमला सोरी, सरसो बाई, उन्नासी ध्रुव, रायबती नेताम, चम्पा यादव, नारायणी पटेल एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

कुरुद से तरीघाट...

गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विकास कार्यों को गांवों की आवश्यकताओं से जोड़ते हुए अपनी बात रखी। सड़क चौड़ीकरण और गांव में सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार की पहल से क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई गई। इस दौरान शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, नंदनी ओमकार साहू सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, नीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, लाला साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर, गोदावरी साहू जनपद सदस्य, सरपंच लता ध्रुव सहसपुर, सरपंच तुलेश्वरी साहू भेंडरी, सरपंच होमेश्वरी साहू धुरसा, सरपंच लोमश साहू लोहरसी, सरपंच देवेंद्र वर्मा सिर्रीखुर्द, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव कोपरा, हेमंत वर्मा महामंत्री भाजपा मंडल कोपरा, रामाधार साहू, हरी साहू, विजय कंडरा, नरशू ध्रुव, दीपक साहू, राजू साहू, इन्द्रमन साहू हलधर पटेल, धनजय साहू, टीकम साहू, डोमार साहू, सोनाराम साहू, तीजम, जीवन साहू, डायमंड साहू, जैसे विभिन्न जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

आवेदनों का समय...

के प्रावधानों का पालन करते हुए नागरिकों को सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराना प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर आरटीआई की प्रक्रिया को सुचारू बनाने तथा आम नागरिकों को सूचना का अधिकार अधिनियम का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, पंकज डाहिरे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

'प्रेरणा एक नई...

के उपयोग से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एनएसएस शपथ के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया गया। लघु नाटक एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं, वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नवप्रवेशियों को नियमित गतिविधियों एवं विशेष शिविरों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे 'मैं नहीं, आप' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा नियमित गतिविधियों के माध्यम से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस अवसर पर योगिता शर्मा, रश्मि जगत, खेमलता सोनकर, टेमन साहू, टोमेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, नीतू साहू, पुरुषोतम यादव, खुशबू निषाद, सोहद्रा सिन्हा, विनिशा साहू, भूमिका साहू, लोकेश्वरी साहू एवं उर्वशी साहू सहित कई वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

राजिम क्षेत्र के गांवों में धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा उत्सव...



राजिम। क्षेत्र के पसौद, रांवड़, पोखरा, परसदाजोशी, पितईबंद, कुम्ही, दुतकै या, हथखोज, बकली सहित सभी गांवों में मां दुर्गा उत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इन सभी गांव में एक से बढ़कर एक बहुत ही सुंदर प्रतिमा विराजित हैं। हर गांव में शाम की आरती में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

मां शीतला मंदिर में प्रज्वलित हुईं 88 मनोकामना ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

ग्राम पोड़ में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मां शीतला मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ 88 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। जय मां शीतला सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन से पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मां शीतला के प्रति ग्रामीणों की अटूट आस्था और विश्वास इस आयोजन में देखने को मिल रहा है। जय मां शीतला सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष की परंपरा इस वर्ष भी निभाई गई।

मां शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने की परंपरा वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनी हुई है। प्रतिवर्ष बड़ी श्रद्धा के साथ भक्तजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति, परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और गांव की खुशहाली की कामना करते हुए माता के दरबार में ज्योति प्रज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी 88 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मंदिर परिसर में प्रज्वलित ज्योतियों से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो रहा है। श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन गांव की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मां के दरबार में 88 मनोकामना ज्योति, गूंजे जयकारे

समिति एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग- इस आयोजन को सफल बनाने में जय मां शीतला सेवा समिति तथा समस्त ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। ग्रामीणों की सहभागिता से यह धार्मिक परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। ऐसे आयोजन न केवल लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि गांव में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

मां घटारानी के दस कुंड महोत्सव में अंगाकर रोटी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मां घटारानी के पावन धाम में नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित दस कुंड महोत्सव 2026 एवं वन देवी यज्ञ में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महोत्सव के अंतर्गत पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए एक क्विंटल चावल के आटे से बड़ा सा पान रोटी तैयार की गई जो आकर्षण का केंद्र बना रहा इस सेवा कार्य में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। मां घटारानी के प्रति आस्था और समर्पण के साथ आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सेवा कार्य को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पंचमी के अवसर पर चांवल के आटे से रोटी तैयार करने का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सेवा प्रदान करना और मां के दरबार में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाना रहा। इस सेवा कार्य में राजकुमार साहू लोहरसी, प्रेमलाल साहू श्यामनगर, महेश साहू जेन्जरा, रूपेश साहू, मोनू पटेल, निखिल साहू, दीनदयाल विश्वकर्मा, रामजी ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, रामनाथ साहू, जितेंद्र नागरची, राम साय साहू, सुरेश पटेल, लोकराम आर्य का विशेष सहयोग रहा। दस कुंड विकास समिति ग्राम केडीआमा-रमनपुर ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में सामूहिक सहयोग और सेवा भावना से सामाजिक एकता मजबूत होती है। मां घटारानी की कृपा से महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है।



989 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

रमई पाठधाम में पंचमी पूजा पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम सोरिद खुर्द के समीप स्थित प्राचीन रमई पाठ धाम में शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को पंचमी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनायी गयी।

- माता रानी का हुआ भव्य श्रृंगार, लगा भोग; पंडवानी गायन ने बांधा समां

धाम में विराजमान आठवीं शताब्दी की प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस वर्ष शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 989 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रमई पाठ धाम में गादी माई की गोद में सीता मैया सहित अनेक देवी-देवताओं की प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान हैं। यहां प्रत्येक वर्ष चैत्र और शारदीय नवरात्र में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ज्योति कलश स्थापित करते हैं। पंचमी तिथि पर मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर माता रानी का भव्य श्रृंगार कर उन्हें लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, सिंदूर, काजल, टिकली सहित विभिन्न श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई। वहीं माता को खीर, पूड़ी, केला, सेव, मिठाई, काजू, किशमिश और बादाम सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा-भाव से मां स्कंदमाता की आराधना करने से भक्तों को सुख-समृद्धि तथा संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



पंडवानी गायन ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

पंचमी पर्व के अवसर पर जय मां रमई पाठ धाम सेवा समिति द्वारा लोककला एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्वर्गीय तुलसी बाई मानिकपुरी की बहू भामिनी मानिकपुरी की पंडवानी मंडली तथा ग्राम मड़ेली की गीतांजलि साहू ने प्रस्तुति दी। पंडवानी गायन के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया।

पंचमी पर मंदिरों में मां का सोलह श्रृंगार कर स्कंदमाता स्वरूप में देवी आराधना

रसेला। नवरात्र की पंचमी पर गुरुवार को देवी मां की विशेष श्रृंगार के साथ स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। ग्राम के शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, केरापानी रानी मां, कुडेरादादर स्थापित दूर्गा, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, गरजाई, जटयाई, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित सभी देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा रहा। पंचमी पर माता रानी का विधिवत पूजा अर्चना कर सात प्रकार का फल व विशेष चना दाल का प्रसाद चढ़ाकर सोलह श्रृंगार किया गया। इसके पहले बैगा और उनके सहयोगी ढोल मजीरा, मांदर बजाते हुए गांव के सभी देवी देवताओं को सह सम्मान शीतला मंदिर में लाकर पूजा अर्चना कर महाआरती की। विधायक जनकराम ध्रुव ने शीतला मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना किए। मान्यता है कि पंचमी पर्व के बाद ही महिलाएं दर्शन करने जाती हैं। इसके पहले महिलाओं का जाना वर्जित रहता हैं। बताया जाता है कि सोलह श्रृंगार का संबंध घर की सुख समृद्धि से जुड़ा हुआ है। पंडित गोलू मिश्रा ने बताया कि ऋग्वेद में भी कहा गया है कि सोलह श्रृंगार सिर्फ खूबसूरती ही नहीं भाग्य को भी चमकता है। यही वजह है कि महिलाएं नवरात्रि में मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए श्रृंगार करतीं हैं। मां का सोलह श्रृंगार करने से घर में और जीवन में सौभाग्य आता है, जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है और जीवनसाथी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। माता रानी को श्रृंगार में लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, काजल, मेंहदी, महावर, शीशा, इत्र, चोटी, गले के लिए माला, नेलपॉलिश, लिपस्टिक, चोटी के लिए बैंड, नथ, गजरा, मांग टीका, कान की बाली, कंघी,लाला साड़ी आदि समर्पित किया गया । श्री मिश्रा ने कहा कि सोलह श्रृंगार में मौजूद हर एक श्रृंगार का अलग अर्थ है। वहीं रात में ढोल, नगाड़े,झाज मंजीरे के साथ श्रद्धालु एकत्रित होकर जसगीत से मां की सेवा कर रहे हैं। शीतला मंदिर में सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी खिलाया जा रहा है।





खबर संक्षेप

आदिवासी समाज की पहचान से समझौता नहीं : रामकृष्ण ध्रुव

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर आदिम जाति विकास विभाग का नाम पूर्ववत रखने की मांग की है। विभाग के नाम में परिवर्तन करने के बजाय आदिवासी



समाज की पहचान, संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान केवल एक शब्द तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सदियों पुरानी ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ी हुई है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा से लेकर अपने अस्तित्व, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई तक आदिवासी समाज ने निरंतर संघर्ष किया है। ऐसे में विभाग के नाम में परिवर्तन का निर्णय समाज की भावनाओं और उसकी विशिष्ट पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग का नाम पूर्ववत रखते हुए आदिवासी समुदाय के हितों, अधिकारों और विकास से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

टोकरो में 16 से तीन दिवसीय विविध कार्यक्रम आयोजन

नवापारा-राजिम। नवरात्रि के पावन अवसर पर नवदुर्गा उत्सव समिति टोकरो द्वारा 16 अक्टूबर से तीन दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें 16 अक्टूबर शुक्रवार को रामधुनि कार्यक्रम सुपेला भखारा 17 अक्टूबर शनिवार को छत्तीसगढ़ी नाचा कचांदुर बालोद का कार्यक्रम होगा। 18 अक्टूबर रविवार को जस झांकी लमकेनी अभनपुर की प्रस्तुति होगी।

मानस मंदिर में 40 लाख से आकार ले रहा भव्य श्रीराम-जानकी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आस्था, विश्वास और समर्पण जब दृढ़ संकल्प का रूप लेते हैं, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी साकार होने लगता है। नगर के मानस मंदिर प्रांगण में श्रीराम-जानकी मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण इसी आस्था और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनकर आकार ले रहा है। लगभग 40 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले इस मंदिर को स्थायी, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप प्रदान करने का संकल्प मानस यज्ञ समिति एवं मंदिर निर्माण समिति छुरा ने लिया है।



नींव के बाद स्तंभ निर्माण का कार्य जारी

आकर्षक और टिकाऊ स्वरूप देने की योजना

निर्माण कार्य के लिए प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण एवं श्री हनुमान जी के विग्रहों को सुरक्षित स्थान पर विराजित किया गया। इसके पश्चात विधिवत भूमिपूजन कर नवीन मंदिर निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। समिति के अनुसार, श्रीराम-जानकी मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण में वर्तमान अनुमान के आधार पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत आने की संभावना है। राजस्थान के श्वेत संगमरमर से मंदिर का निर्माण कर उसे आकर्षक और टिकाऊ स्वरूप देने की योजना है।

मंदिर का निर्माण राजस्थान के श्वेत संगमरमर से राजस्थान के कुशल शिल्पकारों द्वारा कराया जा रहा है।

मानस मंदिर प्रांगण में स्थित वर्षों पुराना श्रीराम-जानकी मंदिर समय के साथ वर्षा, धूप और नमी के प्रभाव से क्षतिग्रस्त होने लगा था। मंदिर की स्थिति को देखते हुए कई बार मरम्मत एवं सुधार कार्य भी कराए गए, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल सका। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति ने आने वाली पीढ़ियों के लिए मंदिर को मजबूत, सुरक्षित और भव्य स्वरूप देने का निर्णय लिया।

सौगात : खेल जगत में अब नई उड़ान भरेगा

7 करोड़ 60 लाख से बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू के भगीरथ प्रयासों और क्षेत्र के युवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप गरियाबंद जिले को क्रीड़ा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र में विधायक रोहित साहू द्वारा एक के बाद एक बड़ी सौगात मिलती रही है इसमें अब एक नया अध्याय खेल के क्षेत्र में भी जुड़ गया है। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय बहुउद्देशीय स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु सात करोड़ साठ लाख अठहत्तर हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

इससे अब युवाओं के सपनो को नए पंख लगेंगे और खेल जगत में अब नई उड़ान भरने को तैयार रहेगा। जिले में खेल सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के अभाव के कारण स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विधायक रोहित साहू ने इस जनभावना और युवाओं की मांग को प्राथमिकता देते हुए शासन स्तर पर लगातार सशक्त पैरवी की। उनके इन अथक प्रयासों के बल पर ही राज्य सरकार ने इस बहुप्रतीक्षित मांग को मंजूरी प्रदान की है। जिसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभागीय स्वीकृति आदेश भी जारी कर दिया है। इस स्वीकृति के बाद अब सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टेडियम के निर्माण का मार्ग पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है। इस उपलब्धि से पूरे जिले और राजिम विधानसभा क्षेत्र के खेलप्रेमियों तथा युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला स्तर पर खेलकूद की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है।



जिले के लिए ऐतिहासिक दिन : विधायक साहू

इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज गरियाबंद जिले के लिए अत्यंत ऐतिहासिक और गौरवमयी दिन है। हमारे युवाओं और खिलाड़ियों की वर्षों पुरानी मांग आज साकार रूप लेने जा रही है।

इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज गरियाबंद जिले के लिए अत्यंत ऐतिहासिक और गौरवमयी दिन है। हमारे युवाओं और खिलाड़ियों की वर्षों पुरानी मांग आज साकार रूप लेने जा रही है। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत गरियाबंद में जिला स्तरीय बहुउद्देशीय स्टेडियम के निर्माण के लिए 760.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर मैं संपूर्ण गरियाबंद जिलेवासियों एवं युवा साथियों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री सह खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूं। हमारी सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह बहुउद्देशीय स्टेडियम हमारे स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा।

5 लाख की लागत से बनेगी ढकी हुई नाली, इंद्रजीत ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम लोहरसी में ग्रामीणों की सुविधा और बेहतर बुनियादी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नाली निर्माण कार्य की सौगात मिली है। गुरुवार को क्षेत्र के ऊर्जावान जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने जिला पंचायत मद से स्वीकृत 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली ढकी हुई नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह नाली तीरथ पटेल के घर से सड़क के मुख्य मार्ग तक बनाई जाएगी।

- ग्रामीणों को मिलेगी जलभराव और गंदगी से राहत

नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय रहवासियों को जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। बारिश के दिनों में पानी की निकासी और आसपास स्वच्छता बनाए रखने में भी यह निर्माण कार्य महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। ढकी हुई नाली बनने से खुले नाले से होने वाली परेशानियों को कम करने में मदद मिलेगी तथा ग्रामीणों को आवागमन के दौरान भी सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। गांवों में सड़क, नाली और अन्य आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देना ग्रामीण जीवन को सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लोहरसी में नाली निर्माण का भूमिपूजन भी इसी क्रम में देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास स्वच्छता और



सुव्यवस्थित गांव की दिशा में अहम भूमिका निभाता है। अब ग्रामीणों को निर्माण कार्य जल्द शुरू होने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा होने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर ऐसे विकास कार्यों से गांव की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और लोगों को रोजमर्रा की समस्याओं से राहत मिल सकेगी। इस दौरान सरपंच लोमश साहू, उपसरपंच निलेश टठंड, हलधर पटेल, कोमल ठाकुर, रोशन सेन, पूरन साहू, खुमेश साहू, गणेश राम साहू, प्रकाश साहू, जगत पटेल, रमेशर साहू रामजी निर्मलकर, अलख निर्मलकर, महेश साहू, गजाननंद टंडन, हीरा निषाद, ईश्वरी पटेल,सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं व युवा साथी मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

छात्रावास में सरपंच ने बच्चों को किया गणवेश वितरण



मैनपुर। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती हनिता नायक एवं जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल ने आज तहसील मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक बालक छात्रवास पहुंचे। छात्रावास में विद्यार्थियों को गणवेश वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्रों पर बल प्रयोग अनुचित

मैनपुर। देश की राजधानी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों पर जिस प्रकार से पुलिस बल और सुरक्षा बलों का प्रयोग किया जा रहा है उससे साफ हो गया कि मोदी सरकार अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी है।



महिला कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष प्रियंका कपिल ने कहा है कि दिल्ली में युवा छात्र और विपक्षी दलों के लोग लोकतंत्र को बचाने और देश की चुनावी प्रणाली में गड़बड़ी तथा वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठा रहे। लेकिन छात्राओं और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ जो बल प्रयोग किया गया, अभद्रता की गयी वह बताता है कि भाजपा इस विरोध से तिलमिला गयी है। लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दमन किया जा रहा है। श्रीमती कपिल ने कहा है कि जनता के वोट के अधिकार और निष्पक्ष चुनाव की मांग करने वालों पर यह बर्बरता और दमनकारी रवैया क्यों अपनाया जा रहा है? क्या लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना और सवाल पूछना अब अपराध हो गया है? वोट चोरी के आरोपों का जवाब तथ्यों और निष्पक्ष जाँच से देने के बजाय सरकार लाठियों के पीछे क्यों छिप रही है।

अतरमरा में लोक संध्या कार्यक्रम 19 को

पांडुका। अतरमरा प्रति वर्ष की भांति इस भी दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक अतरमरा में दिनांक 19-10-2026 दिन सोमवार को सांस्कृतिक लोक कला मंच लोक संध्या का आयोजन किया गया है। आप सभी क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदनी ओंकार साहू सभापति महिला बाल विकास जिला पंचायत गरियाबंद, प्रमुख अतिथि डॉक्टर श्वेता शर्मा सदस्य प्रदेश कार्य समिति बीजेपी छत्तीसगढ़ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद, अध्यक्षता मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अति विशिष्ट अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी सभापति वन समिति जिला पंचायत गरियाबंद, केजा सोम सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा विशिष्ट अतिथि दुलारी साहू, जनपद पंचायत छुरा वीरेंद्रसाहू, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ किशन कडरा, महामंत्री भाजपा मंडल गाजियाबाद हेमलता साहू, मंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद चिरौंजी निर्मलकर, टीकम सिन्हा, सेवक निर्मलकर, अभिषेक चतुर्वेदी, येश कुमार सिन्हा उप सरपंच जगत सिन्हा आदि अतिथि गण सम्मिलित होंगे यह कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से हो रहा है।

सहायक शिक्षक के अटैचमेंट का ग्रामीणों ने किया विरोध, बीईओ को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम भूतबेड़ा के प्राथमिक एवं हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति और जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है।

■ उग्र आंदोलन की चेतावनी

सहायक शिक्षक प्रयोगशाला खिलेश चंद्राकर की अन्य शाला में की गई अटैचमेंट व्यवस्था को निरस्त करने की मांग की गई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लोकेश्वरी नेताम के नेतृत्व में आज ग्रामीणों ने बीईओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। मांग की गई है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर द्वारा आदेश क्रमांक/1073 दिनांक 12/10/2026 जारी कर भूतबेड़ा शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक खिलेश चंद्राकर की व्यवस्था अन्य शाला में कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह व्यवस्था शासकीय नियमों और छात्रहित के बिल्कुल विपरीत है। यह संस्था में पहले से ही शिक्षकों की कमी बनी हुई है। बीते वर्ष एक अन्य शाला का इस संस्था में विलय भी किया जा चुका है ।वर्तमान में विद्यालय में दर्ज छात्र संख्या 204 है। इतनी बड़ी छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई पहले से ही प्रभावित हो रही है।

भूतबेड़ा स्कूल के ग्रामीणों और शाला समिति ने खोला मोर्चा

किया जाएगा उग्र आंदोलन

शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों से उनके मूल पदस्थ विद्यालय में ही कार्य कराया जाए और अटैचमेंट जैसी व्यवस्था न की जाए। ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उक्त व्यवस्था आदेश को तत्काल निरस्त कर शिक्षक को मूल शाला में पदस्थ नहीं किया गया, तो छात्रहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।



ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, समग्र शिक्षा भुतबेड़ा अध्यक्ष सुंदरलाल, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष फुलसिंग मरकाम, सरपंच द्रुखियाबाई मरकाम, चुन्नुराम नेताम, श्यामलाल, जयहिन्द सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रदर्शन : मदद नहीं मिलने पर भड़के पूर्व मंत्री धनेंद्र

बाढ़ पीड़ितों को दशहरा के पहले राहत राशि दें नहीं तो कलेक्टर कार्यालय का करेंगे घेराव : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

गंगरेल जलाशय से छोड़े गए भारी पानी के कारण बाढ़ की विभीषिका झेलने वाले नवापारा शहर के प्रभावित परिवारों को अब तक राहत राशि न मिलने का मामला तूल पकड़ गया है। गुरुवार को स्थानीय बस स्टैंड पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रामक तेवर में नजर आए धनेंद्र साहू ने मांग की कि प्रभावित परिवारों को दशहरा से पहले राहत राशि का भुगतान किया जाए। इसके बाद नए सिरे से सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान के आधार पर उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 10 हजार रुपये की सहायता राशि निर्धारित किए जाने की बात सामने आई है, तो फिर नवापारा के बाढ़ पीड़ितों को इतनी राशि क्यों नहीं मिलनी चाहिए? जबकि अभी तक पीड़ितों के हाथ में 5 हजार रुपये तक नहीं पहुंचे हैं। पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि दशहरा के पहले राहत राशि प्रभावितों को नहीं मिलने पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

■ बस्तर की तरह नवापारा के प्रभावितों को 10-10 हजार मिले



पद पर रहूं या न रहूं, पीड़ितों के साथ लड़ता रहूंगा

धरना-प्रदर्शन के दौरान धनेंद्र साहू ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे पद पर रहें या न रहें, पीड़ितों के हक की लड़ाई में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। धरना प्रदर्शन को नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव सहित अन्य स्थानीय नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीतसिंह, पूर्व सभापति रमेश तिवारी,शिखरचंद बाफना,अशोक गोलछा,पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत,कांग्रेस महामंत्री सुरेंद्र साहू, पार्षद अर्जुन साहू, अजय साहू, रामरतन निषाद,दीपाली राजपूत,हेमंत साहनी,टिकेश्वर गिलहरे,निर्माण यादव, अनुप खरे, शाहिद रजा, रेखा तिवारी,विक्की साहू, बल्लु देवांगन, राकेश सोनकर, राजा चावला, राजा ठाकुर, गुड्डु मिश्रा, वीरेंद्र राजपूत, अजय गाड़ा, विजय तारक, संतु साहू, मितेश शाह, बरखा देवार, निर्मला मैथ्यू, किशोर साहू, निगम पटेल, शेखर साहू, समुंदर यादव, लता कंसारी, गुनित साहू, दुर्गेश देवार, रोहित साहू, राकेश देवार, सचिन बंगानी, असफाक लखानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने किया।

सरकार की बेरुखी और सिंचाई संकट पर घेरा- श्री साहू ने कहा कि प्रकृति की मार लोग किसी तरह झेल लेते हैं, लेकिन जब सरकार और अधिकारी ही पीड़ितों के प्रति संवेदनहीन हो जाएं, तो परेशानी और बढ़ जाती है। कुछ दिन पहले नवापारा के प्रभावितों को करीब 17 किलोमीटर दूर अभनपुर बुलाया गया था, लेकिन वहां जाने के बाद भी उनके हाथ निराशा ही लगी। सिंचाई व्यवस्था को लेकर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गंगरेल बांध से क्षेत्र की करीब छह लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती है, लेकिन वर्तमान में किसानों को जरूरत पर पानी नहीं मिल रहा है और फसलें सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने पानी निकासी की पुरानी व्यवस्था का हवाला देते हुए पूछा कि उनके कार्यकाल में शहर के पानी को सीधे नदी में भेजने के लिए जो मोटर और गेट बंद करने की व्यवस्था की गई थी, उसका वर्तमान में क्या हुआ?

बुजुर्गों को भोजन परोस कर जताया अपनत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रेरक संस्था गरियाबंद द्वारा संचालित सियान सेवा सदन, ग्राम भिलाई में वृद्धजनों के सम्मान, सेवा और उनके प्रति आत्मीयता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गरियाबंद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता शर्मा एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वंदना साहू ने वृद्धजनों को अपने हाथों से भोजन परोसकर उनका सम्मान किया।

इस दौरान अधिकारियों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनका हालचाल जाना। आत्मीयता और अपनत्व से भरे इस आयोजन से वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही बुजुर्गों के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना को मजबूत करना था।

जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता शर्मा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी सेवा करना, उन्हें सम्मान देना और उनकी भावनाओं का ख्याल रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा, सामाजिक सहभागिता और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश दिया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से समाज में संवेदनशीलता और परस्पर सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती वासिनी ठाकुर, पंचायत सचिव ठाकुर राम तथा सियान सेवा सदन के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

डिजिटल वित्तीय साक्षरता से किसानों को अब मिलेगी आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



नगर के चौबेबांधा में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के तत्वावधान में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय जागरूकता, बैंकिंग सुविधाओं और शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। आयोजन का उद्देश्य किसानों को सहकारी बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना और आर्थिक रूप से जागरूक बनाना रहा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सहकारी संस्थाओं को किसानों की आर्थिक जरूरतों से जोड़ने और कृषि गतिविधियों को मजबूती देने में इनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष अनिमेष कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इनके माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने रुपे किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज वितरण, वन पट्टाधारी किसानों को ऋण सुविधा और लघु सिंचाई योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, जेसीबी और पैडी ट्रांसप्लांटर जैसे कृषि उपकरण खरीदने के लिए ऋण सुविधा के बारे में भी बताया। इस अवसर पर पोखरा समिति के अध्यक्ष ललित साहू, सहकारी समिति के सचिव अमृत साहू, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नंदू राम साहू, उधो राम पाल, पंचूराम पाल, धरमदास, उदय चंद साहू और देवलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

■ चौबेबांधा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित
■ शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सहित सहकारी योजनाओं की दी जानकारी

योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रहीं मजबूतीः सोनकर- राजिम सोसायटी के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर ने कहा कि किसान हितैषी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अब किसानों को जरूरत के समय निजी साहूकारों पर निर्भर रहने के बजाय सहकारी समितियों और बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से ऋण सुविधा प्राप्त करने के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के जरिए वित्तीय साक्षरता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण योजनाओं और आर्थिक जागरूकता के महत्व से परिचित कराने का प्रयास किया गया।

पतोरा में मशरूम उत्पादन तकनीक का किया गया प्रदर्शन



फिंगेश्वर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 'रावे' ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम पतोरा में मशरूम उत्पादन तकनीक का सफल प्रदर्शन और कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के निर्देशन, रावे समन्वयक डॉ. लेखराम वर्मा एवं अतिथि शिक्षक लोकेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ना और आय के नए स्रोत प्रदान करना था। छात्रों ने किसानों को पुआल/पैरा जैसे कृषि अवशेषों के उपयोग से मशरूम उगाने की वैज्ञानिक विधि और उत्पादन कक्ष प्रबंधन की जानकारी दी। साथ ही मशरूम के स्वास्थ्य लाभों और इससे बनने वाले मूल्यवर्धित उत्पादों जैसे मशरूम पाउडर, बड़ी और पापड़ बनाने की तकनीक भी सिखाई। विद्यार्थियों ने बताया कि मशरूम उत्पादन कम स्थान, कम समय और न्यूनतम लागत में शुरू होने वाला बेहद लाभदायक व्यवसाय है, जो छोटे किसानों और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होगा। इस प्रदर्शन में गाँव के किसानों और महिला समूहों ने भारी उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में प्रेमलाल साहू, होरीलाल दीवान, चंदूलाल दीवान, भोज साहू, मुकेश साहू सहित रेवतीबाई साहू, त्रिवेनी साहू, दुलारीन कँवर, देवकी साहू व सुहद्रा कँवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



